राज
कॉमिक्स
विशेषांक
मूल्य 30.00 संख्या 2279
वेबमाइंड
मकड़जाल
Part-2
सुपर कमांडो ध्रुव
ABHISHEK BISHWAJAYA

आई एम सॉरी श्वेता! पर अगर तुम एक सुपर हीरो के खिलाफ जाओगी तो तुम उसके दुश्मनों में शामिल मानी जाओगी!
और जो सुपर हीरो स्पाइडर का दुश्मन है, वह मानवता का दुश्मन है!
और जो मानवता का दुश्मन है, उसका मिट जाना ही उचित है!
ए डिन! होश में आ!
तू ये सुपर हीरो वाला ड्रामा कुछ ज्यादा खींच रहा है!
अगर तू अभी भी मुझे अपना दोस्त समझता है तो अस्पताल चल! वहां तेरा कोई न कोई इलाज जरूर निकल आएगा!
वर्ना आज से तेरा नया पता 'जेल' होगा!
जेल! हाहाहा! स्पाइडर का पता अब से न घर होगा, न अस्पताल और न ही जेल!
मैं अपनी एक नई गुप्त जगह बनाऊंगा। बैटमैन की तरह! और उसका नाम होगा...

ओफ़ ! ये मैं किस चक्कर में पड़ गई !... मैं तो यहां इंग्लैंड के कैम्ब्रिज में हायर स्टडीज के लिए मम्मी-पापा और भइया को अपने दिल पर पत्थर रखकर छोड़कर आई थी !
" लेकिन प्लेन के उड़ते ही मुझे पता चल गया कि भइया मेरा पीछा इतनी जल्दी छोड़ने वाला नहीं था-"
" और जहां भइया जाएगा-"
" वहां पर मुसीबतें तो बिना ढूंढ़े ही मिल जाएंगी-"
हेsss
बिना हमको हराए तुम आगे नहीं जा सकते !
जैसी आपकी मर्जी !
" बैड मिस्टेक ! भइया को चैलेंज ?"
" खैर ! भाई को चैलेंज तो जीतना ही था ! पर ये सब हुआ था इन लड़कों से डिन को बचाने के चक्कर में-"
" डिन ! देखने में तो ऐसा कि छींके तो अपनी ही आवाज से डर जाए ! पर ख्वाब था सुपर हीरो बनने का-
मुझे सुपर हीरो बनने की ट्रेनिंग दोगे ?
पढ़ाई पर ध्यान दो, डिन !
" पर डिन के सिर पर तो भूत या कहें कि सुपर हीरो सवार हो गया था-"
" वह सुपर हीरोज का उतना ही दीवाना था जितना कि अपने विषय माइक्रो बायोलॉजी का-"
" शायद इसी नॉलेज ने उसे-"
" स्पाइडर बना दिया-"
" रेडियो-एक्टिव परिवेश में रही एक मकड़ी ने उसे काटकर उसके सपने को मूर्त रूप दे दिया-"
" और हम सबके लिए एक दुःस्वप्न की शुरुआत हो गई-"

ओऽऽऽ! होश में आ, श्वेता! ज्यादा 'पास्ट' में जाएगी तो खुद 'पास्ट टेंस' बन जाएगी!
ये सब भइया का करा-धरा है! उसी के कारण इस डिन के अंदर सुपर हीरो बनने का उबाल आया है!
उसके कारण मैं यहां पर मरी जा रही हूं, और वह फ्रांस में दादाजी के साथ मस्ती कर रहा होगा!
श्वेता का ख्याल कुछ हद तक सही था-
क्योंकि उसी दिन सुबह जब ध्रुव अपने दादा से मिलने पहुंचा था,तो-
दादाजी!
दादाजी! आप कहां हैं?
अरे, घर पर कोई है या नहीं?
हे हे हे!
हू आर यू?
ये कौन सा लैंग्वेज बोलता है?
घर में तो सन्नाटा है! दादाजी को ताऊजी अस्पताल ले गए हैं क्या?
व्हाट दादा? बच्चे का माफिक क्यों बोलता है? व्हाट डू यू वांट?
अरे! ग्रैंडफादर! ओल्ड मैन! व्हेयर इज ही? इज ही ओ.के.?
ही इज अपस्टेयर्स!
अरे! एक-एक स्टेयर्स चढ़! तीन-तीन करके चढ़ेगा तो तू हॉस्पिटल पहुंच जाएगा! पर तू है कौन?

दादाजी!
कैसे हैं आप? ओ, आप तो बेड पर हैं!
कैसी तबीयत है आपकी? डॉक्टर को दिखाया क्या?
क्या दिखाना बेटा! अच्छा हुआ कि तू सही समय पर आ गया!
अब तो बस जाने का वक्त आ गया है!
जाने का वक्त? ओ माई गॉड! आप ऐसे नहीं जा सकते, दादाजी!
आप मुझे छोड़कर नहीं जा सकते!
तुमको लेकर जाऊंगा बेटे! और ऐसे क्यों नहीं जा सकते? मैंने सूट तो पहन रखा है न!
व्हाट! आप तो एकदम फिट हैं! थैंक गॉड! पर ये सब क्या है?
आपने बीमारी की झूठी खबर क्यों भेजी?
तो सच्ची खबर भेजता क्या? अरे, तू मेरा पोता है या मेरा दुश्मन है!
मेरा वो मतलब नहीं था दादाजी!
मतलब ऐसा क्या हो गया जो आपको मुझे इस तरह से बुलाना पड़ा।
वैसे झूठी खबर भेजता या सच्ची! तू आता तो जरूर! आता न?
फटाफट बुलाने का एक यही तरीका समझ में आया!
पर बस! अब चल! सूट पहनकर तैयार हो जा!
सूट! पर सूट क्यों?
सूट नहीं पहनेगा तो क्या ऐसे पैंट के ऊपर कच्छा पहनकर...

"... अपने ताऊ की शादी में शामिल होगा? अरे हमारी तरफ से ले दे के तू ही तो एक बाराती है-"
"शादी! ताऊजी को इस उम्र में शादी की क्या सूझी?"
"ये इंडिया नहीं फ्रांस है, ध्रुव! यहां पर हर उम्र में शादी होती है! इनका बस चले तो मरने के बाद भी शादी करलें-"
"सॉरी, सॉरी! मजाक कर रहा था! दरअसल रघुपति को लॉरेटा से शादी करनी पड़ गई! लॉरेटा के बच्चे के कारण-"
"ओ गॉड! यानी लॉरेटा मतलब होने वाली ताई, माँ बनने वाली थी-"
चुप! बिना पूरी बात सुने बोलना शुरू कर देता है!
सॉरी, दादाजी!
लॉरेटा का बेटा कॉलेज में पढ़ता है!
रघुपति की उसके परिवार से पुरानी जान-पहचान है! उसका बेटा रघुपति से बहुत हिला-मिला है!
ये शादी भी उसी के कारण हो रही है!
वह बिगड़ने लगा था! सिर्फ रघुपति की बात सुनता था!
इसीलिए लॉरेटा और रघुपति ने शादी का फैसला कर लिया! ताकि उसका बेटा रघुपति के पास रहकर सुधर सके!
और लॉरेटा ताई के पहले पति!
दस साल पहले उसका अपहरण हो गया था! फिर वह वापस आया ही नहीं!
ओह! और ताई का बेटा कहां है?
उसको बुलाया तो गया था!

पर लगता है कि वह अभी तक सुधरा नहीं है! अरे, कम से कम अपनी मां की शादी में तो आना चाहिए न!
क्रेम्बिज यहां से है ही कितनी दूर?
क्रेम्बिज! वह क्रेम्बिज में पढ़ता है?
अरे, पढ़ता कहां होगा। उसका रग्बी की टीम में सेलेक्शन हो गया है तो...
वह रग्बी खेलता है? क्या नाम है, उसका?
फिट्ज!
फिट्ज! ओ गॉड! कहीं उसको ज्यादा चोट तो नहीं लग गई?
चोट! तुम्हें कैसे पता कि उसको चोट लगी है?
मुझसे ही लगी है, न!
पर... मेरी गलती नहीं थी दादाजी! मैं तो श्वेता को छोड़ने गर्ल्स हॉस्टल तक जा रहा था!
उसने दोस्तों के साथ मुझे रोका और रग्बी में हराने की शर्त लगा दी! बस... उसी में उसको जरा सी चोट आ गई!
व्हाट?
पर मेरी गलती...
हाहाहाहा!
आप हंस क्यों रहे हैं दादाजी!
अब ताऊ के साथ-साथ भतीजा भी फिट्ज को सुधारने का काम करने लगा है!
पर रग्बी में तो ऐसी चोटें लगती ही रहती हैं! उसके न आने का कारण जरूर कुछ और है!... लॉरेटा कह रही थी कि उसका मोबाइल भी बंद है!

आई डू!
अब आप दोनों पति-पत्नी हैं! नाऊ यू में किस द ब्राइड!
अब फिट्ज तेरा सौतेला भाई बन गया है! जा ताऊ और नई ताई को बधाई दे आ!
प्रणाम, ताऊजी! प्रणाम ताईजी!
आप दोनों को बहुत-बहुत बधाई हो!
अरे! उठो उठो। ये इंडिया नहीं फ्रांस है!
पर मेरे संस्कार तो भारतीय हैं ताऊजी! वैसे भी बड़ों के आगे झुकने से इज्जत घटती नहीं, बढ़ती है!
बिल्कुल रघुवंशी की जबान बोलता है तू! तेरे आने से लगता है जैसे मेरा भाई फिर से आ गया!
आइ एम वेरी इम्प्रेस्ड! तुम्हारे बारे में जैसा सुना था उससे बढ़कर हो तुम!
फिट्ज भी जब तुमसे मिलेगा तो आई एम श्योर कि वह भी इतना ही प्रभावित होगा।
मुझे शक है!
अ... वो ताई जी जो फिट्ज है न...
हां हां! फिट्ज क्या?
अरे... अरे! ये चिड़िया कहां से आ गई?
ये चिड़िया नहीं तोता है!
तोता चिड़िया नहीं तो क्या मछली होता है!
पर ये अंदर क्यों घुसा आ रहा है?

काकातुआ!
सॉरी यार! तुझसे मिल नहीं पाया! जल्दी में था!
पर तुझसे रहा नहीं गया!
तू मुझसे मिलने यहां पर चला आया!
क्या कहा?
टांय, टांय!
व्हाट! तुझे कैसे पता चला?
टांय, टांय, टांय!
टांय, टांय, टांय!
उधर से आने वाली चिड़ियों के झुंड की बातें तूने सुनी है!
मुझे जाना होगा दादाजी! सॉरी ताऊजी कि मैं रुक नहीं पा रहा हूं!
अरे, पर हुआ क्या है?
कैम्ब्रिज सिटी में कुछ गड़बड़ हुई है!
चिड़ियों का झुंड 'राक्षस' नाम ले रहा था!
मुझे तुरन्त कैम्ब्रिज के लिए निकलना होगा!
कैम्ब्रिज में हमारे दो-दो बच्चे पढ़ते हैं ध्रुव!
श्वेता और फिट्ज!
तुम चिन्ता मत करो! तुम चलो और हम भी पीछे-पीछे आते हैं!
मैं तुम्हारे लिए हैलीकॉप्टर का इंतजाम करता हूं!
श्वेता, श्वेता, कम ऑन! मोबाइल उठाओ! उठाओ!
टींटीं
टींटीं

भइया! तुम कहाँ हो?
जल्दी आ...
श्वेता ... कर्र्र...
ध्रुव का समय खत्म हो चुका है! अब सिर्फ एक ही सुपर हीरो है!...
... स्पाइडर!
काफी मजबूत जाल है, तुम्हारा!
इसीलिए मेरा ख्याल है कि...

ये तुमको बांधने के लिए...
... काफी होगा!
अफसोस कि तुम्हारा सुपर हीरो का कैरियर टिकाऊ साबित नहीं हुआ!
स्पाइडर को सुपर हीरो बनने से कुछ भी नहीं रोक सकता है!
न शैतान और न ही भगवान!
पर ये चैलेंज देकर तूने अपनी जान कुछ दिनों के लिए बचा ली है, श्वेता!
अब मैं पहले तुझे यह दिखाऊंगा कि स्पाइडर एक सुपर हीरो कैसे बनता है!
और फिर मैं केक की जगह तुझे काटकर उसका जश्न मनाऊंगा!

अब चलता हूं! आज स्पाइडर दि सुपर हीरो को अपना डेब्यू शॉट देना है!
दुनिया की कई दूसरी यूनिवर्सिटीज की तरह कैम्ब्रिज में भी नशे के सौदागरों की अच्छी-खासी घुसपैठ थी-
पुलिस डिपार्टमेंट के अंदर तक-
जब्त वाला प्योर माल है! फिफ्टी परसेंट डिस्काउंट पर! एक शॉट कोकीन सिर्फ दस पाउंड में!
दस पाउंड! ये तो बहुत ज्यादा हैं, यार!
मेरे पास तो सिर्फ पांच पाउंड हैं!
यही प्राब्लम है तुम कॉलेज स्टूडेंट्स के साथ धंधा करने में! हमेशा कंगलों से पाला पड़ता है!
चल हट! हवा आने दे! तेरे पीछे ग्राहकों की लाइन लग रही है!
पर... पर मुझे कोकीन नहीं मिली तो मैं मर जाऊंगा!
एक ग्राहक कम हो जाएगा? अच्छा, चल!
पांच पाउंड उधार रहे!
स्पेशल एजेंट स्मिथ डेकन! नारकोटिक सेल!
नाऊ यू आर अंडर अरैस्ट इंस्पेक्टर विली!
ये ले!
थैंक्स!
ये क्या? तू... तू पुलिस वाले को हथकड़ी लगाने की हिम्मत कर रहा है!

कौन?
स्पाइडर! आज कैम्ब्रिज का सुपर हीरो है और कल दुनिया का होगा!
पर तू ये बता कि कानून के रखवाले पर पिस्तौल तानने वाला तू कौन है?
स्पेशल नारकोटिक एजेंट स्मिथ!
और ये कानून का रक्षक नहीं, भक्षक है!
वर्दी की आड़ में नशे का कारोबार करता है!
स्टूडेंट्स को ड्रग्स बेचता है!
हुम! ड्रग्स बेचता है! वह भी स्टूडेंट्स को!
बिल्कुल!

इतना बड़ा अपराध!
हां! यही तो मैं कह रहा हूं!
मैं तेरी बात कर रहा हूं, चिकने!
अरे, ये बेचारा इंस्पेक्टर तो समाज सेवा कर रहा है! स्टूडेंट्स को ड्रग्स अगर यहां नहीं मिलेगी तो क्या वे उसे लेने लंदन आएंगे?
ड्रग्स लेना स्टूडेंट्स का हक है और उनसे उनका हक स्पाइडर के रहते कोई नहीं छीन सकता!
और तू! अगर ड्रग्स को ब्लैक मार्केट के रेट पर बेचने की कोशिश की तो...
नहीं, नहीं! तुम्हारे जैसे सुपर हीरो के रहते ऐसा जुर्म करने की तो मैं सोच भी नहीं सकता!
थ्री चियर्स फॉर ऑवर न्यू सुपर हीरो...
...स्पाइड़ssssडरsss
हिप हिप हुर्रेsss
हिप- हिप हुर्रेsss
हिप हिप हुर्रेsss
नशेड़ियों और करप्ट पुलिसवालों को एक अपना सुपर हीरो मिल गया था -

और ये लिस्ट अभी लंबी होने वाली थी-
अगर भरी जवानी में उठना नहीं चाहता तो पर्स दे दे! वर्ना...
आई एम सॉरी! पर उठने की बारी तो...
... तुम्हारी है!
आईऽऽऽ कौन है तू रे?
आल इंग्लैंड ज्यूजुत्सू चैम्पियन एलिस्टर!
माल निकालने को कहा था, भाई! तूने तो जान निकाल दी! आई!
नाटक छोड़! और चल पुलिस स्टेशन!
रुक जाओ!
क्यों मार रहे हो इस गरीब को?
तमीज से बात करो! तुम स्पाइडर से बात कर रहे हो!
सुपर हीरोज की दुनिया का सबसे नया और सबसे चमकता सितारा!
स्पाइडर!
सुपर हीरो हो तो पकड़ो इसे! ये लुटेरा है!
गरीब? अरे, ये मुझे गरीब बनाने जा रहा था!
पर तू कौन है? फैंसी ड्रेस क्यों पहने है?
सुपर हीरो का पहला काम अन्याय को दूर करना है!

तुम्हारे पास कितने पैसे हैं?
एक भी नहीं! चाकू भी उधार पर लाया हूं!
और तुम्हारे पास?
दो-तीन सौ पाउंड होंगे!
ये अन्याय है! सौ पाउंड इसे दे दो!
पर ये तो...
समाज में समानता होनी चाहिए! और जो 'सामाजिक-समानता' में विश्वास नहीं करता वह अपराधी है!
पचास पाउंड से काम चल जाएगा?
और अपराधी स्पाइडर के दुश्मन हैं! क्योंकि स्पाइडर एक सुपर हीरो है!
सौ!
दिए! नीचे उतारो!
ये तो कलियुगी सुपर हीरो है। क्या होगा इस दुनिया का?
जाओ और जाकर सभी अपने जैसे गरीबों को बता दो कि उनका नया सुपर हीरो स्पाइडर आ गया है! अब समाज में अन्याय नहीं रहेगा!
बताना क्या? मैं तो ढिंढोरा पीटूंगा!
स्पाइडर जिन्दाबाद!
देखा?
स्पाइडर कितनी फटाफट पापुलर हो रहा है!

एक नए किस्म का नया सुपर हीरो जन्म ले रहा था-
इसीलिए पुराने सुपर हीरोज का अंत होना तो तय था-
क्योंकि एक म्यान में दो तलवारें एक साथ नहीं रह सकती हैं-
कैम्ब्रिज में-
चींचींचीं! (तुमने श्वेता को कहीं देखा है?)
चियांsss चींsss
नहीं पता! ओह, मैं तो भूल ही गया था कि यहां के पक्षी भला श्वेता को कैसे पहचानेंगे!
फिर मैं श्वेता को कहां ढूंढूं? कैम्ब्रिज इतनी छोटी जगह तो है नहीं!
चीं चीं चीं!
एक मिनट! काकातुआ ने किसी राक्षस का भी जिक्र किया था!
इनको 'राक्षस' के बारे में जरूर पता होगा!
चीं चीं चीं!
पता है! शाबाश! शायद 'राक्षस' के जरिए ही मुझे श्वेता का कुछ पता चल सके!
चलो!
अब टकराव निश्चित था-

कहानी 19 पेज से जारी

अमर प्रेम
कांटों भरा अंतहीन सफर
आप की तुरीन को मैं वापस ले आया हूं, यही है मेरी गुरू दक्षिणा।
2007 में प्रकाशित
गुरु भोकाल
राज कॉमिक्स में शुरू होने जा रहा है कोबी और भेड़िया का कांटो भरा अंतहीन सफर।

हम तुम्हे कहीं नहीं जाने देंगे। अगर तुम अपराध को खत्म करने निकले तो तुम्हे खत्म कर देंगे...
परमात्मा
वर्ष 2007 में उपलब्ध
आज क्षिप्रा रोक रही थी इंस्पेक्टर विनय को और शीना रोक रही थी परमाणु को।
शुरू होने जा रहा है परमाणु का एक रहस्यमय कॉमिक सफर।

पर टकराव का नतीजा अनिश्चित-
प्रिटी वूमेन! देखो, देखो न!
प्रिटी वूमेन! पर्स दे दो न!
गेट लॉस्ट, यू स्काउंड्रल्स!

स्काउंड्रल! तूने हमें गाली दी! अब हम तुझे बताएंगे स्काउंड्रल्स का मतलब!
जानती है ये क्या है?

देख!

अब हम इसे तेरे एक कान में डालेंगे और ये तेरे दूसरे कान से निकलेगा!
न... नहीं! पर्स ले लो! सारे पैसे ले लो! मेरी ज्यूलरी भी ले लो!
पर मुझे छोड़ दो!

तुमसे पहले कई औरतें यही बात कह चुकी हैं! हमने सबको जाने दिया! कब्र में! इसका सिर टेढ़ा कर पिंटो!

ही ही ही!

हुप्प!
क्या हुआ?

इसने लात मारी! वहां पर!
अभी ऐसी कई लातें पड़ेंगी! हर कत्ल के बदले सौ लातें! आई एम इंस्पेक्टर बार्बी! ये सारा नाटक तुमको पकड़ने के लिए रचाया गया है!
भागो!
डोंट रन! ऑर आइ विल शूट!
हुम! औरतें आजकल मर्दों से किसी बात में कम नहीं है!
इन मासूमों पर गोली क्यों चला रही थी!
ओ माई गॉड! हू... हू आर यू?
स्पाइडर! दि लेटेस्ट इन सुपर हीरो बिजनेस!
स्पाइडर! जिनके बारे में ब्रैंडी बता रहा था!
हमारा सुपर हीरो! अरे, यही तो है वो!

यानी तुम इनके साथ हो! मिले हुए हो इनसे!
अब तुमसे भी बाकी पूछताछ पुलिस स्टेशन में ही होगी!
तूने एक सुपर हीरो पर गन तानी! यानी तू अपराधी है!
स्पाइडर आगे लपका-
और गन इंस्पेक्टर के हाथ से छूट गई-
आऽऽऽह! ये तो जहरीले डंक जैसा है!
अब इंस्पेक्टर बार्बी बेबस थी-
मेरे पूरे शरीर में भयंकर जलन हो रही है!
मुझे जाने दो! मुझे हॉस्पिटल जाना होगा! वर्ना मैं मर जाऊंगी!
अरे! इसको क्या हो रहा है?
ये इंस्पेक्टर तो स्पाइडर जैसी बन रही है!
हमारे पॉवरफुल सुपर हीरो ने इसे ये सजा दी है! स्पाइडर इज ऑवर प्रोटेक्टर!
तभी-
आऽऽऽह! ये चिड़िया भी अपराधी है क्या? एक सुपर हीरो पर हमला कर रही हैं!

गलत! ये सभी चिड़िया एक अपराधी पर हमला कर रही हैं! इस महिला को छोड़ दो!
सुपर कमांडो ध्रुव! तूने बहुत काम कर लिया! अब तू जिन्दगी के मजे ले! अब से अपराध का विनाश सुपर हीरो स्पाइडर करेगा!
और हां, ये बात जाकर अपने जैसे दूसरे सुपर हीरोज को भी बता देना!
हां! तुम्हारे लिए तो ये काम काफी आसान होगा! खुद अपराध पैदा करो और खुद उसे खत्म कर दो!
सामने दो गुंडे खड़े हैं! पर तुम उनको छोड़कर इस महिला पर हाथ आजमा रहे थे!
जिसको शायद तुम्हारी मेहरबानी से इलाज की जरूरत है!
मैं इंस्पेक्टर हूं! मेरी मदद करो। मुझे अपने हैडक्वार्टर से संपर्क करना है!
ये लीजिए! ये एक ट्रांसमीटर है! इसकी ऑटोमैटिक ट्यूनिंग पुलिस बैंड को कैच कर लेगी!
और मिस्टर सुपर हीरो! तुमको पकड़ना या छोड़ना यहां की पुलिस का काम है! मुझे तो तुमसे सिर्फ एक सवाल पूछना है!
श्वेता कहां है?
श्वेता! हा हा हा! तो श्वेता की फिक्र तुमको यहां खींच लाई है!
सुनो मिस्टर ध्रुव! श्वेता मेरे जाल में पूरी तरह से फंस चुकी है!
पहले मैंने सोचा कि उसे सजा दूं! पर अच्छा किया कि नहीं दी! क्योंकि इस इंस्पेक्टर की मेहरबानी से मुझको अपनी एक नई शक्ति का पता चला है!
अब मैं श्वेता को भी ऐसे ही बदल डालूंगा!

पर क्यों ? श्वेता से क्या तकलीफ है तुमको ?
श्वेता ने मेरा रास्ता रोकने की कोशिश की! मुझे समझाने की कोशिश की! मुझे सुधारने की कोशिश की!
जरा सोचो! सोचो! ये सब करने की कोशिश कौन करता है ? कौन?
बताओ!
ए वाईफ! शी विल बी ए परफेक्ट वाईफ फॉर मी! आई एम इन लव विद हर!
मुझे श्वेता से प्यार हो गया है! अब श्वेता मेरी पत्नी बनेगी!
और फिर हमारे बच्चों को मिलेगी, एक सुपर हीरो की शानदार विरासत!
होश में आओ शेखचिल्ली!
सपने सोने के बाद देखे जाते हैं! सोने से पहले नहीं!
बोलो, श्वेता कहां है?
इन माई हार्ट!
मेरे दिल में!
ओ. के.! हैव इट योर वे!
बर्ड्स!
आऊ, हटाओ, इनको हटाओ!
इनसे तुम निपटो! तब तक मैं श्वेता को ढूंढ लूंगा!
श्वेता तुमको कभी नहीं मिलेगी!
मिलेगी! मुझे बस उन जगहों पर जाना पड़ेगा जहां पर तुमको देखे जाने की रिपोर्ट पुलिस के पास आई होगी!
नहीं! श्वेता के पास तू नहीं जाएगा! उसको ढूंढेगा भी नहीं!
क्योंकि वह सिर्फ मेरी है! सिर्फ मेरी!
आऽऽऽह!

यस सर! जल्दी आइए! स्पेशल एसॉल्ट फोर्स के साथ! अब मैं... मुझे... अह...
आऽऽऽह!
बार्बी! इंस्पेक्टर बार्बी!
क्या हुआ, सर?
कुछ गड़बड़ है! बार्बी को मैंने एक मामूली मिशन पर भेजा था! पर लगता है कि वह उसी स्पाइडर से जा टकराई है, जिसकी रिपोर्ट कई जगहों से आई है! एसॉल्ट फोर्स को इकट्ठा करो! अर्जेन्टली!
अगर तू मेरा होने वाला ब्रदर इन लॉ न होता तो मैं तेरी गर्दन तोड़ देता! पर अभी मैं श्वेता को नाराज नहीं करना चाहता!
अब तू यहीं पर मदद का इंतजार कर! मैं चला श्वेता के पास! शादी की तैयारी करने! माफ करना! वैसे अगर तुम इस शादी के खिलाफ न होते तो मैं तुमको जरूर इंवाइट करता!
और हां! जाल को तोड़ने की कोशिश में एनर्जी वेस्ट मत करना! ये जाल गोली तक को रोक सकता है!
ये गोली को तो रोक लेगा!
लेकिन 'डायमंड डस्ट' की पर्त वाले स्टार ब्लेड की धार को नहीं!
अब मैं तुम्हारे जाल की मजबूती को टेस्ट करूंगा!
24

सचमुच काफी मजबूत है!
अब मैं श्वेता को ढूंढने बाद में जाऊंगा! क्योंकि मुझे इतना पता चल गया है कि वह सुरक्षित है!
अब मैं पहले ये जानूंगा कि तुम आखिर हो कौन और तुम्हारी ये हालत कैसे हो गई?
अगली बार जब तू आइने में अपनी शक्ल देखेगा तो यही सवाल तू अपने आप से पूछ रहा होगा!
हाssss
ओssss ह!
अरे! अब मेरे मुंह से आग निकल रही है!
एक और नई शक्ति!
पर ये शक्ति एक मुसीबत का रूप लेने वाली थी-
रेडियो एक्टिविटी सिग्नल!
इस आग में रेडिएशन है! यानी ये जो भी है, इसके स्पाइडर बनने का संबंध रेडियो एक्टिविटी से है!
और ये बहुत खतरनाक बात है! ये स्पाइडर तो एक चलता-फिरता न्यूक्लियर रिएक्टर है!
मुझे इसको जल्दी से जल्दी काबू में करना होगा!

अब तू बच नहीं सकता, ध्रुव !
मैं समझ गया कि ये कौन है! ये मुझे जानता है, श्वेता को जानता है, और ये सुपर हीरो बनना चाहता है! ये तीनों तथ्य तो एक ही आदमी पर फिट बैठते हैं! डिन पर!
तुमने अपने जाल का हाल तो देख लिया है, स्पाइडर!
अब...
... ध्रुव के...
... जाल का...
... कमाल देख!
आऽऽऽह!
ये नाइलो-स्टील के तारों का जाल है, स्पाइडर! इसका एक तार एक कार तक को हवा में उठा सकता है!
इनको मैं आग से गला डालूंगा!
जरूर गला देना! पर इनको गलाने के प्रयास में कहीं खुद जल मत जाना!

आऽऽऽऽ ह!
लो! अब तो पुलिस ने भी अपना जाल फैला दिया है!
SHADES
POLICE
स्पाइडर बुरी तरह से फंस चुका था-
और अब कोई चमत्कार ही उसको बचा सकता था-
ये शोर कैसा है?
ये तो पास की बदनाम बस्ती के निवासी हैं!
इनमें से कई हिस्ट्रीशीटर हैं!
स्पाइडर हमारा रक्षक है! हमारा सुपर हीरो!
स्पाइडर! तुम भाग जाओ!
हमारे रहते उसका बाल भी बांका नहीं हो सकता!
इनको हम रोकते हैं!

तुम हमारे एकमात्र सुपर हीरो हो!
तुम्हारे लिए हम अपनी जान भी दे सकते हैं!
तुम भाग जाओ! इन पुलिस वालों को हम रोकते हैं!
स्पाइडर भाग रहा है!
रोको इसे!
मैं रोकता हूं इसको!
नहीं!
ओफ्!
भाग गया स्पाइडर!
अरेस्ट देम ऑल!

आप इनको अरेस्ट कीजिए, पर मुझे सिर्फ इतनी जानकारी दे दीजिए कि स्पाइडर को यहां से पहले और कहां-कहां पर देखा गया है?
तीन जगह! मिडटॉउन हॉल के पास कॉफी कैफे और हडसन लेन!
कॉफी कैफे में इसने एक स्पेशल नारकोटिक एजेंट पर हमला किया, और हडसन लेन में ज्यूजुत्सू चैम्पियन पर!
मिडटाऊन में हमको एक महिला और एक स्टूडेंट रोनिन की बेहोश बॉडीज जाल से झूलती मिली थी!
थैंक्स, सुपरिंटेंडेंट!
मुझे पहली जगह यानी मिडटाऊन हॉल से ही श्वेता को ढूंढने की शुरुआत करनी होगी!
क्योंकि स्पाइडर की बातों से मुझे ऐसा लगता है कि श्वेता ने उसको शुरू में ही रोकने की कोशिश की होगी!
बस मुझे वहां जाने का रास्ता पूछना होगा!
मिडटाऊन हॉल?
हे मैन! सेविंग गैस?
दैट वे!
श्वेता जाल की कैद से आजाद होने की जी तोड़ कोशिश कर रही थी-
ओफ़! ये जाल क्या च्युंगम से बना है!
जितना खींचो, उतना ही चिपकता जाता है!
अब तो एक ही रास्ता है! जाल को काटना पड़ेगा!
और काटने के लिए यहां पर एक ही चीज है!

जाल कट रहा है!
अब मैं निपटूंगी उस डिन के बच्चे से! पहले उसने मुझे पुलिस के चक्कर में फंसाया और अब चिपचिपे जाल में!
दिस इज टू मच!
भइया! तुम कहां से आ गए?
तेरा फोन आते ही मैं भाग आया!
पर डिन ने ऐसा क्या किया कि वह स्पाइडर बन गया!
मुझे भी डिन पर ही शक हुआ था!
श्वेता, ध्रुव को पूरी कहानी सुनाती चली गई-
ओफ़! ध्रुव यहां पर मुझसे पहले पहुंच चुका है! अभी इससे दुबारा टकराना ठीक नहीं है!
पहली रात के लिए इतना काफी है! स्पाइडर को पूरा कैम्बिज जान चुका है!
अब दुनिया को मेरे बारे में जानने में ज्यादा देर नहीं लगेगी!
लेकिन उससे पहले मुझे अपने असली रूप में आना पड़ेगा! दुनिया को ये कभी पता नहीं चलना चाहिए कि स्पाइडर कौन है?
हर सुपर हीरो की एक सीक्रेट आइडेंटिटी भी तो होती है न!
30

ये तू क्या कह रही है?
बिल्कुल सही, भइया! रेडियम बॉक्स तो था, पर डिन वहां से गायब था!
फिर जब मैं वापस आ रही थी तो पीछे से मुझे रोनिन ने धक्का मारा! बहुत घबराया हुआ सा था वो!
उसने कहा कि डिन स्पाइडर बन गया है! और उसने फिट्ज को इसलिए मारकर खा लिया है क्योंकि वह उसकी बुलिंग करता था!
व्हाट!
फिट्ज को स्पाइडर ने... खा लिया!
और फिर रोनिन जब भागा तो...
हां, भइया! रोनिन ने यही बताया! और फिर जब...
अब मेरी सुन! ल्योन में ताऊजी की शादी थी!
ताऊजी की शादी! पर दादाजी की तबियत...
वे ठीक हैं! उन्होंने बहाना बनाया था! पर जानती है ताऊजी ने किससे शादी की है?
किससे?
फिट्ज की मां से!
और इस शादी का मुख्य कारण था, फिट्ज! क्योंकि ताऊजी फिट्ज से बहुत प्यार करते हैं!
ओ माई गॉड!
न जाने ताऊजी पर ये खबर सुनकर क्या बीतेगी!
वे यहां पर आने वाले हैं!
उनको सदमा तो जरूर लगेगा! लेकिन उनका सदमा कम करने का एक उपाय है मेरे पास!
वह क्या?
फिट्ज के कातिल की गिरफ्तारी! उनके आने से पहले हमें डिन को पकड़ना होगा!
वह मिलेगा कहां?

"शायद अपने रूम पर! मैंने उसका रूम देख रखा है-"

गड़ब!
कौन... कौन है?

श्वेता! ध्रुव! व्हाट ए प्लैजर! सॉरी मैंने कॉल बेल...

मतलब... दरवाजा टूटने की आवाज नहीं सुनी! मेरी नींद बड़ी पक्की है!

कॉफी बनाऊं?

कल रात तुम कहां थे?
बेड पर! सो रहा था!

और एक मकड़ी तुमको सोते समय काटकर भाग गई!
ये मकड़ी के डंक का निशान ही है न!
है तो, पर! अरे! मैं रूम पर कैसे आया?

ये तो तुम हमको बताओगे! बनने की कोशिश मत करना!
तुम्हारे पड़ोसियों से हमको पता चल चुका है कि रात को दो बजे तक तुम्हारा रूम लॉक था!
हां, ठीक है! क्योंकि मैं तो...
हां, बोलो! कहां थे तुम? और क्या कर रहे थे?
ये... ये मैं तुमको नहीं बता सकता! वैसे भी, अब मैं और सवाल-जवाब के मूड में नहीं हूं!
मैं एक ऐसी जगह पर तुमको ले जाऊंगा, जहां जाकर तुम्हारी तबियत एकदम ठीक हो जाएगी!
मेरी तबियत ठीक नहीं है!
हॉस्पिटल!
नहीं!
पुलिस स्टेशन-
हा हा हा! ये मरियल स्पाइडर है! हंसाओ मत यार! ही ही ही!
हंसी रोकिए और मेरी बात ध्यान से सुनिए!
अगर आप इसका ब्लड टेस्ट कराएंगे तो मुझे पूरा यकीन है कि उसमें आपको मकड़ी का सीरम भी मिलेगा और रेडियो एक्टिविटी भी!
हो सकता है कि ध्रुव सही कह रहा हो सर! मैं अभी- अभी इसका रूम चेक करके आया हूं! इसका रूम तो सुपर हीरोज का गोदाम बना हुआ है! और स्पाइडर भी अपने आपको सुपर हीरो कहता है!

ठीक है! ठीक है! पर इसकी ब्लड टेस्ट रिपोर्ट तो कम से कम आधे घंटे में आएगी। तब तक ये क्या यहीं पर बैठकर मेरा समय खराब करेगा।
तब तक मैं इसको लॉकअप में डाल दूंगा! कहीं रिपोर्ट पॉजिटिव आई और तब तक ये भाग गया तो...
बस एक बात क्लियर करते जाओ मिस्टर ध्रुव!
अगर ये स्पाइडर है तो ये ठीक कैसे हुआ?
इसका स्पाइडर वाला रूप कहां गया?
तुम्हारा दिमाग चल गया है, रॉबर्ट! रिटायरमेंट ले ले! पर और कोई जगह भी तो खाली नहीं है!
ले जाओ इसे लॉकअप में!
बात सोचने लायक है श्वेता! अगर डिन ही स्पाइडर है तो ये ठीक कैसे हो गया?
क्या इसके अंदर जब चाहे स्पाइडर और जब चाहे सामान्य बन सकने की क्षमता भी है!
हो सकता है! डिन माइक्रोबायोलोजी का एक्सपर्ट है! उसने जरूर कोई ऐसी एंटीडोट...
ये आवाज कैसी थी?
कड़ाम
लॉकअप में कुछ गिरा है!
डिन के लॉकअप से धूल का गुबार उठ रहा है!
ओ माई गॉड!

अब कौन रिटायरमेंट लेगा सर ?
मैं!
वर्ना वैसे भी अब अपनी नौकरी तो जाने वाली ही है!
हमको और सावधान रहना चाहिए श्वेता !

सर, ब्लड रिपोर्ट आ गई है, ब्लड में स्पाइडर सीरम भी है और मामूली सी रेडियो एक्टिविटी भी!
जब मक्खी उड़ गई तो ये उसे मारने आया है!
मक्खी नहीं सर! स्पाइडर!
स्पाइडर के हमले में जख्मी हुए सभी लोग बच गए हैं सर! सिर्फ रोनिन नाम का लड़का अभी तक कोमा में है!
रोनिन बच गया है! ये खबर स्पाइडर तक भी जरूर पहुंचेगी!
और वह अपना अधूरा काम पूरा करने वहां पर जरूर आएगा!
मुझे रोनिन के पास जाकर स्पाइडर का इंतजार करना होगा!
और मुझे क्लास एटेंड करने जाना होगा!
पर मैं क्लास अटेंड कैसे करूंगी! नींद के मारे आंखें बंद हुई जा रही हैं! पर जाना तो पड़ेगा ही! 'गामा फाइंडर' गैजेट भी तो आज ही वापस करना है!
श्वेता यह बिल्कुल नहीं चाहती थी कि प्रोफेसरों पर उसका खराब इंप्रेशन पड़े इसीलिए वह-
टाइम पर पहुंच गई! थैंक गॉड!
फटाफट ये 'गामा फाइंडर' वापस करूं और लेक्चर में आकर सो जाऊं!
मॉर्निंग सर!
एंड गुड नाइट!
... माइक्रो बॉयोलोजी लैब की तरफ से आ रही है!
OLOGY LAB
पीं पीं पीं!
अब तू एलार्म की तरह क्यों बजने लगा!
मैंने सोने का नाम लिया और...
MICRO BIO
टीं टीं
टीं टीं ईं
ओ गॉड! ये तो रेडिएशन के सिग्नल हैं!
पर यहां पर रेडिएशन?
और इनकी डायरेक्शन...
36

ओऽऽऽ ह!

क्या हुआ?

जीसस! यहां पर तोड़ फोड़ किसने मचाई है?
मैंने देखा नहीं! जब मैं आई तो सामान ऐसे ही टूटा-फूटा पड़ा था!

अब मैं अगर इनको बताऊं कि मैंने शायद स्पाइडर जैसी परछाई देखी थी तो ये मेरा विश्वास नहीं करेंगे!
शायद मैंने ही गलत देखा हो! ये स्पाइडर तो मेरे दिमाग पर हावी हो रहा है!
वैसे भी नींद के मारे मेरा दिमाग काम नहीं कर रहा है!

पर... अगर डिन यहां पर आया था तो क्यों आया था?

"और यहां के बाद वह कहां गया होगा-"

रोनिन के कमरे में कोई है! और पहरेदार भी बेहोश है! यानी मुझसे पहले यहां पर...

...स्पाइडर पहुंच चुका है!
हैं!

ताऊ जी! आप यहां क्या कर रहे हैं?
ध्रुव! अच्छा हुआ कि तुम यहीं आ गए! फिट्ज का कहीं पता नहीं चल रहा है!
उसके दोस्त रोनिन के बारे में हॉस्टल से पता चला कि उस पर स्पाइडर ने हमला किया है, और वह कोमा में है!
फिर मैं यहां चला आया!
तुमको फिट्ज के बारे में कुछ पता चला?
वो ताऊ जी... पता तो चला है, पर...
क्या पता चला है ध्रुव! सस्पेंस मत बनाओ!
बोलो! जो भी सच है, बोलो!
वो ताऊजी, खबर पक्की तो नहीं है, लेकिन रोनिन ने बेहोश होने से पहले श्वेता को बताया था कि... कि...
क्या? क्या बताया था?
...कि स्पाइडर ने फिट्ज को... खा लिया है!
खा लिया है? खा लिया है!
ओ माई गॉड! ये... ये नहीं हो सकता!
हो सकता है कि रोनिन को धोखा हुआ हो! हमें रोनिन के होश में आने का इंतजार करना होगा!
ये स्पाइडर कौन है? कौन है वो?
जहां तक मुझे पता है स्पाइडर एक डिन नाम का फिलीपीनो स्टूडेंट है जो एक खास रेडियो एक्टिव मकड़ी के काटने से स्पाइडर जैसा खतरा बन गया था! रोनिन, फिट्ज और इनके दोस्त उसकी 'बुलिंग' करते थे! शायद इसीलिए वह इनकी जान का दुश्मन बन गया है!
अगर ये सच है तो वह किसी और की नहीं, बल्कि आपकी जान का दुश्मन बन गया है, ध्रुव!
क्योंकि अब मैं उसे जिन्दा नहीं छोड़ूंगा!

नहीं! रुकिए ताऊजी! स्पाइडर से टक्कर लेना इतना आसान नहीं है! अब वह हर उस शख्स का सुपर हीरो बन चुका है जो या तो गलत काम करते हैं या करना चाहते हैं! और ऐसे लोगों की तादाद कम नहीं है!
अब चाहे पूरी दुनिया उसके साथ हो जाए! पर फिट्ज का हत्यारा मेरे हाथों से अब बचेगा नहीं!
पर आप उसको ढूंढेंगे कैसे?
और उसे पहचानेंगे कैसे?
मेरा हैलीकॉप्टर अभी भी क्रैम्बिज के चक्कर काट रहा है!
वह ढूंढेगा स्पाइडर को! या स्पाइडर जैसी किसी भी चीज को!
ओफ़! मैं रोनिन को छोड़कर ताऊजी के पीछे नहीं जा सकता!
क्योंकि मुझे पूरा यकीन है कि स्पाइडर अपने अधूरे काम को पूरा करने के लिए...
... यहां जरूर आएगा...
... स्पाइडर!
क्यों मारना चाहते हो तुम रोनिन को?
तुम तो सुपर हीरो बनना चाहते थे न, डिन?
फिर विलेंस जैसे काम क्यों कर रहे हो?
ये जानकर क्या करेगा, ध्रुव?
CITY

क्योंकि तू यहां से जिन्दा वापस तो जाएगा नहीं!

पहले मैं तुझे मारूंगा, फिर रोनिन को!

मुझसे पहले तुम्हारी जान खतरे में है, डिन!

क्योंकि तुमको शायद पता नहीं है कि तुम्हारा शरीर एक न्यूक्लियर रिएक्टर बन चुका है! तुम किसी भी समय बम की तरह फट सकते हो!

ये तू क्या बकवास कर रहा है?

ये बकवास नहीं, सच्चाई है! और तुम चाहो तो इसकी जांच अभी और इसी हॉस्पिटल में हो सकती है!

पता नहीं ये ध्रुव की बात का असर था-

या गोलियों की उस बौछार का-

पर उसके तेवर अब हमलावर नहीं रहे थे।

धांय

शायद इसीलिए वह रघुनाथ जैसे मामूली हमलावर को देखकर भी चौंक उठा था-

ठहर! आज तू जिन्दा नहीं बचेगा!

और वह सिर्फ चौंका ही नहीं था।

भाग भी खड़ा हुआ था-

तू बचकर कहां जाएगा रुक!

ठहरिए ताऊजी! उस पर गोलियों का कोई खास असर नहीं होगा!
तुम उसके पीछे क्यों नहीं जाते! आखिर वह फिट्ज का कातिल है!
जाऊंगा, ताऊजी! जरूर जाऊंगा! पर रोनिन के लिए सिक्योरिटी आ जाने के बाद!
वर्ना रोनिन जान से हाथ धोएगा और हम एक महत्त्वपूर्ण गवाह से!
बस, मुझको ये समझ में नहीं आ रहा है कि स्पाइडर भागा क्यों?
और इतना खतरा उठाकर वह रोनिन को मारने क्यों आया? क्या डिन, बुलिंग के कारण रोनिन या फिट्ज से इतना ज्यादा चिढ़ गया है?
ओह! किसी का फोन आ रहा है!
श्वेता!
श्वेता! तू कहां पर है?
सुनो, भइया! आज डिन यानी स्पाइडर कॉलेज की माइक्रोबॉयोलोजी लैब में तोड़-फोड़ मचाकर गया है! वह जरूर कुछ ढूंढ रहा था!
इसीलिए मैं स्पाइडर उर्फ डिन को खोजने निकली हूं भइया!
चूंकि वह लॉकअप से भागने के बाद सीधे यहीं पर आया था, इसीलिए यह जानना जरूरी है कि वह क्या ढूंढ रहा था!
मैंने एक ब्लड-हाउंड किराए पर लिया है, और उसको डिन के कपड़े दस बार सुंघा दिए हैं!
नहीं, नहीं! कुत्ता बेहोश नहीं हुआ!
और यह मुझको वहीं पर ले आया है जहां पर डिन अपना गुप्त प्रयोग कर रहा था!
मुझे पूरा यकीन है कि मैं डिन को ढूंढ लूंगी!
तुमने डिन को ढूंढ लिया है, श्वेता!
अब क्या करोगी?
ये तो मैंने सोचा ही नहीं!
भागो मत, श्वेता! मैं तुमको मारूंगा नहीं!
अरे! मैं तो तुमको प्रपोज करने वाला हूं!

लेकिन उसके लिए हममें कुछ तो समानताएं होनी चाहिए!
होनी चाहिए न!
आऽऽऽह!
मुझे पता था तुम ऐसा कुछ जरूर करोगे! तुमने मुझे डंक मारा! आऽऽऽह!
श्वेता मुसीबत में है!
ताऊजी, आप पुलिस के आने तक यहीं रुकिएगा!
स्पाइडर का कोई भरोसा नहीं है!
अब छुपने का कोई फायदा नहीं है, श्वेता!
बाहर आओ!
आओ!
नहीं आओगी!...
... तो स्पाइडर अंदर आएगा!
हाए! विल यू मैरी मी, श्वेता!
अगली कड़ी
W.W.W.
वर्ल्ड वाइड वेब

मेरे स्टार मित्रों,

वेबसाइट आपने पढ़ी। आशा है आपको पसंद आई होगी। इस बार पूर्व कॉमिक्स **स्पाइडर** के कुछ रिव्यूस ग्रीन पेजिस में दे रहा हूं। यह सब **राज कॉमिक्स वेबसाइट** के फोरम में लिखी गई कुछ फेन्स की प्रतिक्रियाऐं हैं। पूरे व सभी पत्रों को पढ़ने के लिए **राज कॉमिक्स वेबसाइट** पर जरुर जाऐं।

निमीष- **'स्पाइडर'** पढ़ी, अच्छी थी पर इस में पेजिस बहुत कम थे। **मकड़जाल सीरीज** के लिए उत्सुकता अब और बढ़ गई है।

मुन्ना भाई-**स्पाइडर** पढ़ी अच्छी लगी...। सबसे अच्छी बात मुझे ये लगी कि **स्पाइडर** Character को पूरी तरह Justify किया गया है...। मुझे ध्रुव में Fiction नहीं पसंद था... लेकिन **स्पाइडर** का जन्म पूरी तरह Justified है...। पेजिस कम हैं।

जेकेबी-हे फ्रेंड। मैंने **स्पाइडर** पढ़ ही ली। ध्रुव का तो मैं फेन बहुत पहले से हूं पर कोई कॉमिक नहीं मिलती थी पर जब **स्पाइडर** मिली तो मेरी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। मुझे **स्पाइडर** बहुत अच्छी लगी। आप लोग भी इसे पढ़ें। मैं अब पूरी **मकड़जाल** सीरीज लेने वाला हूं। बड़ी जबरदस्त कहानी है **स्पाइडर** की। आर्टवर्क, इंकिंग and everything is great. I will suggest read it soon. It is very interesting comics of the series. Thanks and bye.

श्रीवास्तव-**स्पाइडर** एक ध्रुव की Typical कॉमिक है। वैसे **मकड़जाल** के Intro के लिए तो काफी है 40 पेजिस और फिर भी थोड़े पेजिस और हो जाते तो अच्छा रहता। ध्रुव का काम कॉमिक में ज्यादा नहीं है और जरूरी भी नहीं था। कॉमिक का आर्टवर्क को awesome तो बिल्कुल नहीं कह सकते, हां अच्छा है पर इफेक्ट जोरदार है। सबसे अच्छी बात कॉमिक का कवर और स्टोरी लाइन है जो अब **वेबसाइट** से पता चलेगी। ध्रुव का रगबी खेलना अच्छा लगा और डिन का सुपर हीरो क्रेज भी।

Overall **गुप्त** और **सर्वनाश** से तो अच्छी पर बाकी कॉमिक्स से कुछ ज्यादा खास नहीं।

जोश-**अभी 143...मकड़जाल** की बाकी कॉमिक्स देखने के बाद ही इस सीरीज के बारे में कुछ कहा जा सकता है। क्योंकि **स्पाइडर** इतनी अच्छी नहीं है जितना Expect किया था But graphics were superb.

शाशिद-कहानी की शुरुआत तो अच्छी है। **स्पाइडर** में जो कथावास्तु, Enviornment बनाया गया है उसे देख के लगता है आगे की कॉमिक्स अच्छी आएंगी।

बुबाई-**स्पाइडर** अच्छी कॉमिक्स है।

आर्टवर्क आज तक का ध्रुव का बेस्ट आर्टवर्क है। Mostly because of effects ये बात सबकी सही है 40 पेजिस कब शुरु हुए और कब खत्म पता ही नहीं चला। पर I feel अगर ये ही रेगुलर साईज रहा कॉमिक्स का For long term तो समय के साथ हम लोग इससे Accustomed हो जाऐंगे। आदत पड़ जाएगी और फिर इतना Awkward feel नहीं होगा।

Remember एक टाइम था जब 32 पेजिस में बड़ी-बड़ी कहानियां कही जाती थीं। With very small 5 to 6 frames of picture per page. Then came big comics of 64 then 80 and then 120. And we also moves on.

with all this हमने हमेशा Change के साथ adjust किया है। हमारा mindset change होता रहता है।

Similar इस बार भी मुझे लगता है कि ऐसा ही होगा। The style of story telling in comics world has changed a lot today all over the .vorld and so has RC. I remember even DC Comics of batman had a stories over 8 to 10 issues of 25

pages each. Only thing which should be consistent is good story and art which is definately there in spider. Good job RC. Keep it up.

SkAgrawal4k स्पाइडर पढ़ी। जबरदस्त कॉमिक थी पर **सर्वनाश** जितनी नहीं। आर्टवर्क काफी अच्छा था, Atleast **नागायण** से अच्छा। चेहरे एक जैसे लग रहे थे। जबकि **नागायण** में तो हर फ्रेम में नागराज-ध्रुव के चेहरे अलग लग रहे थे। हां श्वेता के आर्टवर्क में Improvement की जरूरत है। कहानी भी Mindblowing थी। बस दो शिकायत हैं-(1) ध्रुव का रोल बहुत कम था। 42 पेज में सिर्फ 46 फ्रेम। (2) पेजिस सच में बहुत कम थे। कॉमिक शुरु होते ही खत्म हो गई। जब मैंने ध्रुव की पहली कॉमिक **विनाश के वृक्ष** खरीदी थी तब 6रु. में 32 पेजिस मिलते थे और अब 30रु. में 42 पेज।

चंदन-अभी तो इस कॉमिक्स या सीरीज के बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता। पर हां आर्टवर्क बढ़िया है और Characters के फेस में Consistancy आई है। साथ ही Plot अच्छा है। इंतजार है 2nd कॉमिक्स का।

Taker पेजिस कम है। मुझे कुल दो मिनट लगे और फीनिश। पेजिस ज्यादा होने थे।

संजय जी प्लीज ज्यादा पेजिस डालिये **वेबसाइट** में। मजा नहीं आया।

Rasikthool- Dear Sanjay ji, मैंने सपने में भी RC से ऐसी उम्मीद नहीं की थी कि वो इस सीरीज की शुरुआत ऐसे करेगा। **स्पाइडर** Ads के के वक्त तो कहा गया था ध्रुव अपने पुराने अंदाज में लौटेगा और बहुत Publicity की गई थी। लेकिन आर्टवर्क के अलावा कुछ भी अच्छा नहीं है। स्टोरी तो बहुत ही बोरिंग है। I am really really dissappointed.

सूपी-स्पाइडर कुल मिलाकर एक अच्छी कॉमिक कही जा सकती है। स्टोरी अच्छी लग रही है पर फिर भी उम्मीद पर खरी नहीं उतरी। मेरा मतलब है कि इसे लेकर बहुत Hype क्रियेट किया गया था उस हिसाब से ये Below expectations ही है। आर्टवर्क, आप लोग कह रहे हैं कि आर्टवर्क बहुत शानदार है। मैं तो हैरान हूं! कुछ पेजिस में आर्टवर्क अच्छा लग रहा है पर फिर भी Stable नहीं है। कहीं इतना अच्छा है कि नजरें ही ना हटें और कहीं इतना खराब की देखने का मन ना करे। श्वेता का फेस तो हर दूसरे पेज में बदल रहा है। उम्मीद है आगे हमें कुछ अच्छा और Mainly, stable आर्टवर्क मिलेगा।

आशु- कॉमिक्स एवरेज है। डायलॉग रोचक हैं। आर्टवर्क पहले कि कॉमिक्स से Different है। अच्छा है। इस कॉमिक्स में ध्रुव को Different outfit में दिखाया जा सकता था। लेकिन फिर भी लंदन तक एक ही Costume दिखाया गया। अरे वो सुपर हीरो से पहले इंसान है। अरे कभी बोर नहीं होता एक ही Costume पहने।

करोठिया-दोस्तों! **स्पाइडर** बहुत ही Avg.कॉमिक थी। पता नहीं आप लोगों ने लिखा है कि मजा नहीं आया और फिर भी 4/5 मार्क्स दे दिए। ज्यादातार लोगों को बिल्कुल पसंद नहीं आई **स्पाइडर**।

प्यारे दोस्तों, आपने ध्रुव के प्रशंसक पाठकों की प्रतिक्रियाएं पढ़ीं। कुछ को कॉमिक पसंद आई, कुछ को नहीं। पेजिस की कमी सभी को अखरी। मेरा जवाब है कि कहानी में हम निरंतर सुधार लाने का प्रयास कर रहे हैं। जो आपको आने वाली कॉमिक्स पढ़कर ही दिखेंगे। पेजिस बढ़ाए नहीं जा सकते उसके लिए अभी सिर्फ यही कहूंगा कि 40 पेजिस में ही आपको ज्यादा कहानी मिले। इसका भरपूर प्रयास किया जाएगा। कृप्या अपनी अमूल्य राय निरंतर देते रहें।

अपने पत्र हमें आप इस पते पर भेजें : ग्रीन पेज नं. 256 राजा पॉकेट बुक्स 330/1 बुराड़ी, दिल्ली-84

Forum पर अपनी पोस्ट आप www.rajcomics.com पर करें।

धन्यवाद

आपका-संजय गुप्ता

GREEN PAGE NO. 256

अब आप अपनी पसंद की केवल एक कॉमिक भी घर बैठे मंगा सकते हैं।

नागराज की किसी भी एक कॉमिक का आर्डर कॉमिक की कीमत व डाक खर्चे के साथ हमें भेजिए और वह कॉमिक्स अपने घर बैठे पाइए।

नागराज के 15/- मूल्य वाले कॉमिक

- नागराज
- नागराज की कब्र
- नागराज का बदला
- नागराज की हांगकांग यात्रा
- नागराज और शांगो
- खूनी खोज
- खूनी यात्रा
- नागराज का इंसाफ
- खूनी जंग
- प्रलयंकारी नागराज
- खूनी कबीला
- कोबरा घाटी
- बच्चों के दुश्मन
- प्रलयंकारी मणि
- शंकर शंहशाह
- नागराज का दुश्मन
- इच्छाधारी नागराज
- नागराज और कालदूत
- नागराज और जादूगर शाकूरा
- नागराज और बौना शैतान
- नागराज और ताजमहल की चोरी
- नागराज और लाल मौत
- नागराज और काबुकी का खजाना
- नागराज और थोडांगा
- नागराज और तूफान-जू
- नागराज और जादू का शहंशाह
- नागराज और अजगर का तूफान
- बकोरा का जादू
- पिरामिडों की रानी
- नागराज और मिस्टर 420
- थोडांगा की मौत
- नागराज और बेमबेम बिगेलो

नागराज के 20/- मूल्य वाले कॉमिक विशेषांक

- नागराज और नगीना का जाल
- नागराज और नगीना
- नागराज और मिस किलर
- नागराज और तूतेनतू
- नागराज और अदृश्य हत्यारा
- नागराज और कांजा
- नागराज और पापराज
- नागराज का अंत
- जहर
- क्राइमकिंग
- विषकन्या
- इच्छाधारी
- नागिन
- राज का राज
- मृत्युदंड
- आतंक
- नहीं बचेगा नागराज
- कालचक्र
- नागराज अमेरिका में
- आतंकवादी नागराज
- विषहीन नागराज
- इच्छाधारी चोर
- लावा
- विनाशलीला
- पागल नागराज
- मसीहा

नागराज के 40/- मूल्य वाले कॉमिक विशेषांक

- राजनगर की तबाही
- कोहराम
- कयामत
- जलजला
- विध्वंस
- संग्राम
- परकाले
- संहार
- ड्रैकुला का अंत
- कोलाहल
- खलनायक
- सम्राट
- विनाश
- तानाशाह
- सूरमा
- कलियुग
- सौडांगी
- सर्वशक्तिमान
- चक्र
- मैड्यूसा
- छोटा नागराज
- शेषनाग
- नागाधीश
- वर्तमान
- फ्लेमिना
- फुंकार
- वरण काण्ड
- ग्रहण काण्ड
- हरण काण्ड

नागराज के 30/- मूल्य वाले कॉमिक विशेषांक

- नागराज और सुपर कमांडो ध्रुव
- नागराज और बुगाकू
- फिर आया नागदंत
- विजेता नागराज
- विसर्पी की शादी
- शाकूरा का चक्रव्यूह
- नागपाशा
- खजाना
- स्नेक पार्क
- केंचुली
- प्रलय
- रक्षक नागराज
- जहरीले
- बांबी
- सपेरा
- फन
- विष-अमृत
- सम्मोहन
- नागराज और ड्रैकुला
- नागद्वीप
- त्रिफना
- महायुद्ध
- अग्रज
- नागराज का कहर
- तांडव
- दुश्मन नागराज
- शक्तिहीन नागराज
- कुंडली
- ऐलान-ए-जंग
- काली मौत
- सो जा नागराज
- शेषनाग
- भानूमति का पिटारा
- हरी मौत

Now you can order all your favorite comics from our online book store www.rajcomics.com

Now you can order all your favorite comics from our online book store www.rajcomics.com

कोई भी 100/- मूल्य से कम की कॉमिक्स हमसे डाक द्वारा मंगाने पर कॉमिक्स के मूल्य के साथ 20/- डाक खर्च भेजें।

कोई भी 100/- मूल्य या अधिक की कॉमिक मंगाने पर डाक खर्च मुफ्त!

आप अपनी पसंद की कॉमिक्स अग्रिम भुगतान भेजकर डाक द्वारा मंगा सकते हैं। अग्रिम भुगतान निम्नलिखित दो तरीकों से भेज सकते हैं।

1. निकटवर्ती पोस्ट ऑफिस से अपनी आदेशित कॉमिको के मूल्य का मनीआर्डर राजा पॉकेट बुक्स **330/1**, बुराडी, दिल्ली-**84** के नाम बनवाकर, मनीआर्डर फार्म के संदेश वाले स्थान पर आदेशित पुस्तको के नाम व अपना पता साफ-साफ लिखकर भेजें।
2. किसी भी बैंक से राजा पॉकेट बुक्स के नाम **Payable at Delhi** का ड्राफ्ट बनवाकर, पत्र के साथ जिसमे आपकी आदेशित पुस्तकों के नाम व आपका पता साफ-साफ लिखा होना आवश्यक है। भेजें।

प्रकाशकः राज कामिक्स (राजा पॉकेट बुक्स की एक इकाई)
330/1 बुराड़ी, दिल्ली-110084
फोनः 27611410 email:bizdev@rajcomics.com

दिल्ली में वितरक : **नागराज नावल्टीज**, 112, फर्स्ट फ्लोर, दरीबा कलां, दिल्ली-110006. फोनः 23251109, 23251092, 65172310, 32500860

आतंकहर्ता
नागराज
जहरीला बारूद
World Terrorism
ADVENTURE IN WASHINGTON

मैं हूँ
इन सबका ...
काल
वर्ष 2007
में उपलब्ध
अश्वराज
गोजो
भोकाल
परमाणु
इंस्पेक्टर स्टील
सुपर इंडियन
तिलिस्म देव
इन सभी पर भारी पड़ने आ रहा है रक्ष जाति का आखिरी राक्षस चंडकाल!
राज कॉमिक्स का एक अभूतपूर्व मल्टीस्टार विशेषांक।

पूरी दुनिया पर फैला स्पाइडर का जाल!
क्या छिन्न भिन्न कर पाएगा ध्रुव इसे, या स्पाइडर सिद्ध होगा ध्रुव का काल?
W.W.W.
nagendra
sudhanshu
मकड़जाल
Part-3
वर्ल्ड वाइड वेब
पर जाल में छुपा है एक और जाल...
और राज कॉमिक्स का यह समापन विशेषांक सुना रहा है इस क्लाइमेक्स का आंखों देखा हाल!